4071(E)
17/6/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक–16/6/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही ।

पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना के अन्तर्गत Widening and Strengthening & Improvement of RCD Road Bikram Via Gonawan More to RCD Road Amhara Km. 0.00 to 20.811 Km. for the year 2018-19 (Agreement No.-04SBD/2018-19) के कार्य के तृतीय समयवृद्धि का प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति :**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1454(अनु०) दिनांक–29.04.2025 के द्वारा विषयांकित कार्य के तृतीय समयवृद्धि स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं, प्रतिवेदन तथा विभागीय पत्रांक–6151(ई०) दिनांक–10.09.2025 द्वारा दिए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–369(अनु०) दिनांक–29.01.2026 द्वारा समर्पित अद्यतन अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening & Improvement of RCD Road Bikram Via Gonawan More to RCD Road Amhara Km. 0.00 to 20.811 Km. for the year 2018-19 (Agreement No.-04SBD/2018-19) |
| 2.2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग :– | : | ₹3946.93 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–7862(S) दिनांक–10.10.2018 |
| 2.3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग :– | : | ₹4639.94 लाख।<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या०) उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–3477(अनु०) दिनांक–14.12.2018 |
| 2.4 | एकरारनामा संख्या | : | 04/SBD/2018-19 |
| 2.5 | एकरारनामा की राशि | : | ₹39,80,54,694.00 + ₹1,20,43,777.00 |
| 2.6 | संवेदक का नाम | : | Saj Infracon Project India Ltd. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.7 | एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि :– | : | 01.02.2019 |
| 2.8 | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि :– | : | 30.09.2020 |
| 2.9 | वास्तविक कार्य समाप्ति की तिथि | : | 15.05.2024 |
| 2.10 | प्रथम समयवृद्धि की तिथि | : | 31.06.2021 तक। विभागीय पत्रांक–2992 दिनांक–13.04.2021 |
| 2.11 | द्वितीय समयवृद्धि की तिथि | : | 15.06.2023 तक। उपभागीय पत्रांक–614 दिनांक–06.03.2023 |
| 2.12 | तृतीय बार माँग की समयवृद्धि की तिथि | : | 16.06.2023 से 15.05.2024 तक (कुल–334 दिन) |

3. **समयवृद्धि का कारण :–**

समयृद्धि आवेदन में पटना पश्चिम के सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रतिवेदित है कि विषयांकित बिक्रम–गोनवाँ–अमहरा (लम्बाई–20.811 कि०मी०) पथ ग्रामीण कार्य विभाग से हस्तांतरित पथ है। पथ कार्य के दौरान विभिन्न गाँवों में स्थानीय असामाजिक लोगों द्वारा बाधा किये जाने, भूमि विवाद एवं अतिक्रमण के कारण कार्य की गति प्रभावित हुई है। पथ का निर्माण कार्य दिनांक–15.05.2024 को पूर्ण किया जा चुका है। अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, पटना द्वारा मंतव्य अंकित किया गया है कि भूमि विवाद तथा अतिक्रमण के कारण कार्य समाप्ति में विलम्ब हुआ है। विलम्ब के साक्ष्य के रूप में संवेदक द्वारा किये गये F.I.R. की प्रति संलग्न है। संवेदक को विषयांकित कार्य में Price Neutralization देने की भी अनुशंसा प्राप्त है।

4. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः–**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् विषयांकित कार्य जो दिनांक–15.05.2024 को पूर्ण हो चुका है, में दिनांक–16.06.2023 से दिनांक–15.05.2024 तक अर्थात् 334 (तीन सौ चौंतीस) दिनों के लिए Price Neutralization के साथ समयवृद्धि हेतु अनुशंसा की जाती है।

5. विभागीय पत्रांक–2992(E) दिनांक–13.04.2021 द्वारा विषयांकित कार्य की प्रथम समयवृद्धि की स्वीकृति दिनांक–30.06.2021 तक Price Neutralization के साथ प्रदत्त है।

6. मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–06.03.2023 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही, जो उनके ज्ञापांक–614 दिनांक–06.03.2023 द्वारा निर्गत है, के माध्यम से Price Neutralization के साथ द्वितीय समयवृद्धि दिनांक–15.06.2023 प्रदान की गई है।

7. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णय</u> :–

7.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1454(अनु०) दिनांक–29.04.2025 द्वारा प्राप्त दिनांक–25.04.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–6151(ई०) दिनांक–10.09.2025 द्वारा दिए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, दक्षिण के पत्रांक–369(अनु०) दिनांक–29.01.2026 द्वारा समर्पित अद्यतन अभिलेखों/कागजातों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त समिति द्वारा पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना के अन्तर्गत **Widening and Strengthening & Improvement of RCD Road Bikram Via Gonawan More to RCD Road Amhara Km. 0.00 to 20.811 Km. for the year 2018-19** (एकरारनामा संख्या–04SBD/2018-19) कार्य हेतु दिनांक–15.05.2024 तक **Price Neutralization** के साथ समयवृद्धि की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

7.2 विभागीय पत्रांक–3106(ई०) दिनांक–11.05.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–08.05.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में लिए गए निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

7.3 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर डाली जाय।

16/06/26
(मजीद अहमद)
आन्तरिक वित्तीय सलाहकार
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

16/06/26
(राजकुमार)
मुख्य अभियंता,
दक्षिण,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

16/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–प्र०–7/विविध(स०वृ०)–04–47/2025 4071(E) पटना, दिनांक 17/6/2026

**प्रतिलिपि** :– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय पथ अंचल, पटना/कार्यपालक अभियंता, पटना पश्चिम पथ प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/06/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।